दिनांक : 10.10.2024 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री-लाओस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाओस की दो दिन की यात्रा पर वियंनचन पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री की इस यात्रा से आसियान देशों के साथ भारत के संबंध और अधिक मजबूत होंगे। लाओस के गृहमंत्री विलयवोंगे बौद्धाखाम ने उनका स्वागत किया। श्री मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिले। प्रधानमंत्री ने वियनतियाने में लाओस के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं द्वारा आयोजित आशीर्वाद समारोह में भाग लिया। इससे पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में श्री मोदी ने भारत की एक्ट-ईस्ट नीति के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे आसियान नेताओं के साथ समग्र सामरिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा सहयोग की दिशा में भावी रूपरेखा तैयार करने संबंधी बैठक में हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंजीयन विभाग की नवीन तकनीक पर विकसित सॉफ्टवेयर संपदा -2.0 के ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग का आज शुभारंभ किया। इस सॉफ्टवेयर द्वारा सम्पत्तियों का अंतरण, लोन इत्यादि दस्तावेजों का पंजीयन पूर्ण रूप से डिजिटली ही किया जा सकेगा। साथ ही सम्पत्ति की पहचान कस्टोडियम डिपार्टमेंट से की जायेगी। पंजीयकों की पहचान ई-केवाईसी के माध्यम से पूर्ण की जायेगी। इसमें घर बैठे पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग की सुविधा भी होगी। अप्रैल-2024 में गुना, हरदा, डिण्डोरी एवं रतलाम में पायलेट प्रोजेक्ट के इसे सफलतापूर्वक संचालित किया गया था जिसे अब समस्त जिलों में लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इसे मध्यप्रदेश सरकार का नवाचार बताते हुए कहा कि इससे अब कहीं से भी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री संभव होगी।

अश्विनी-सिनेमा

सूचना और प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने जोर देकर कहा है कि भारतीय सिनेमा ने अपनी विशाल भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के साथ देश में एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री वैष्णव ने एक लेख में कहा कि सिनेमा विविधता और साझा भविष्य की कहानियों से **"एक भारत, श्रेष्ठ भारत"** के दृष्टिकोण को मजबूत करने का शक्तिशाली माध्यम बना हुआ है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, श्री वैष्णव ने कहा, समावेशिता की इस भावना को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के माध्यम से हर साल मनाया जाता है, जहां राष्ट्र फिल्म निर्माण में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में विभिन्न भाषाओं के साथ **तिवा** भी शामिल थी, जो तिब्बत और बर्मा के जातीय समूह द्वारा बोली जाने वाली भाषा है।

रतन टाटा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतन टाटा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। राज्पाल ने कहा कि रतन टाटा के निधन से देश ने एक दूरदर्शी उद्योगपति और एक सच्चे देशभक्त को खो दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महान उद्योगपति, राष्ट्रसेवा व मानवता के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी रतन टाटा जैसी पुण्यात्मा का हमारे बीच से जाना संपूर्ण देश के लिए अत्यंत दुखद है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज नर्मदापुरम जिले में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए स्वास्थ्य शिविर के साथ ही सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं।
- कृषि योजनाओं राष्ट्रीय वृद्धि विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में आगरमालवा जिला प्रदेश में पाँचवे स्थान पर रहा है।
- खरगोन जिले के पुलिस बल ने बैडिया और बिस्टान थाना क्षेत्र में 13 लाख रु से अधिक के गांजे के पौधे बरामद कर दो किसानों को गिरफ्तार किया है।

....